Hindi Language Miscellaneous Quiz

निर्देश (1-5): नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्राकृतिक संसाधन हमारे ग्रह पर स्वाभाविक रूप से उपलब्ध हैं। हमें उन्हें प्राप्त करने के लिए किसी भी मानव हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं पड़ती। जीवित प्राणियों के अस्तित्व के लिए ये संसाधन आवश्यक हैं। कुछ प्राकृतिक संसाधन जैसे हवा, पानी और सूरज की रोशनी आदि सीधे उपयोग में लायी जाती है, वहीं अन्य संसाधन, कच्चे माल के रूप में अन्य आवश्यक चीजों को बनाने में प्रयोग किया जाता हैं। कई प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा तथा नवीकरणीय की स्थिती में मौजुद हैं, जिसका अर्थ है कि हम इनका पुनर्नवीनीकरण करके पुन: उपयोग में ला सकते है। हालांकि, ऐसे कई अन्य अनवीकरणीय पदार्थ भी हैं जिन्हें पुनर्नवीनीकरण करने में हजारों साल लग जाते हैं। कई प्राकृतिक संसाधन तेजी से कम हो रहे हैं। इसके कई कारण हैं उसमे से सबसे प्रमुख कारण हैं, जनसंख्या में प्रतिदिन वृद्धि, जिनकी वजह से प्राकृतिक संसाधन में तेजी से कमी आती जा रही हैं, तेजी से जनसंख्या की वृद्धि के कारण प्राकृतिक संसाधनों की खपत लगातार बढ़ते जा रही है। वनों की कटाई प्राकृतिक संसाधनों में होने वाली कमी का एक और कारण है, तथा भूमि का उपयोग शहरीकरण के लिए किया जा रहा है, जिससे वन्यजीवन तथा पेड़ों में कमी आती जा रही है। उनके द्वारा उत्पन्न कच्चे माल में भी प्रतिदिन कमी होती जा रही है। बढ़ते प्रदूषण, नकारात्मक रूप से जल निकायों को प्रभावित कर रहा है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है, जो कभी प्रचुर मात्रा में हुआ करता था। अब वो समय है जब हम मनुष्यों को प्राकृतिक संसाधनों को बर्बाद करने के बजाये उसका बुद्धिमानी, समझदारी और सावधानी से उपयोग करना चाहिए।

Q1. गद्यांश के अनुसार, जीवित प्राणियों के अस्तित्व के लिए क्या आवश्यक है?

(a) वातावरण
(b) अंधकार
(c) समुद्र
(d) संसाधन

Q2. गद्यांश के अनुसार, किस कारण से वन्यजीवन तथा पेड़ो में कमी आ रही है?

(a) औद्योगिकीकरण
(b) उदारीकरण
(c) वैश्वीकरण
(d) शहरीकरण

Q3. गद्यांश के अनुसार, जिन प्राकृतिक संसाधनों को पुन: प्रयोग में लाया जा सकता है, उन्हें क्या कहते हैं?

(a) अनवीकरणीय संसाधन
(b) कृत्रिम संसाधन
(c) नवीकरणीय संसाधन
(d) आधुनिक संसाधन



Q4. गद्यांश के अनुसार, किस कारण प्राकृतिक संसाधनों की खपत लगातार बढ़ती जा रही है?

(a) आधुनिकता के कारण

(b) प्रतिस्पर्धा के कारण

(c) जनसंख्या की वृद्धि के कारण

(d) प्राकृतिक संसाधन की सुगमता के कारण

Q5. गद्यांश के अनुसार, बढ़ता प्रदूषण नकारात्मक रूप से किसे प्रभावित कर रहा है?

(a) वृक्ष

(b) जल

(c) अग्नि

(d) प्रकाश

Q6. 'ऐसा रोग जिसका उपचार संभव न हो' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए-

(a) अरोगी

(b) अतिरोगी

(c) विरोगी

(d) असाध्य

TEACHERS adda247

Q7. नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन सा शब्द 'अमृत' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) सुधा

(b) पीयूष

(c) अमिय

(d) वारि

Q8. निम्नलिखित शब्दों में से द्वंद्व समास किस शब्द में है?

(a) धड़ाधड़

(b) कलाप्रवीन

(c) त्रिभुवन

(d) पाप-पुण्य

Q9. निम्नलिखित में से कौन सा तद्भव शब्द है?

(a) पंख

(b) पृष्ठ

(c) लज्जा

(d) शिला

TEST SERIES
Bilingual
MPTET
PRT 2020
10 TOTAL TESTS

Q10. 'अध: + गति = अधोगति' किस संधि का उदाहरण है?

(a) स्वर संधि

(b) गुण संधि

(c) व्यंजन संधि

(d) विसर्ग संधि

Q11. बच्चों में पढ़ने की समझ का मूल्यांकन करने के लिए निम्न में से कौन-सा तरीका उपयुक्त है?

(a) बच्चों से श्यामपट्ट पर लिखवाया जाए

(b) बच्चों से पाठ्य-पुस्तक पढ़वायी जाए

(c) बच्चों से पढ़ी गई पाठ्य वस्तु पर प्रश्न पूछे जाएँ

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Q12. बच्चों को पढ़े गए पाठ से जोड़ते हुए शिक्षक द्वारा निजी अनुभवों को व्यक्त करने वाले प्रश्न निम्न में से किस भाषा कौशल का मूल्यांकन करते हैं?

(a) सुनने के कौशल का

(b) लिखने के कौशल का

(c) पढ़ने के कौशल का

(d) समझ का

TEACHERS adda247

Q13. बौद्धिक स्तर पर बच्चों में भाषा कौशल की प्रवीणता एवं व्यापकता का मूल्यांकन करने के लिए आवश्यक है।

(a) सामान्य शब्दों का अर्थ पूछना

(b) कठिन शब्दों का अर्थ पूछना

(c) सरल शब्दों का अर्थ पूछना

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Q14. भाषा शिक्षण में उद्देश्यनिष्ठ मूल्यांकन की विशेषताएँ हैं।

(a) वस्तुनिष्ठता और विभेदकारी

(b) व्यापकता और व्यावहारिकता

(c) विश्वसनीयता और वैधता

(d) उपरोक्त सभी

Q15. भाषा शिक्षण मूल्यांकन से अभिप्राय है

(a) निरन्तर/सतत् चलने वाली प्रक्रिया

(b) वांछित व्यवहारगत परिवर्तन की जानकारी

(c) भाषा शिक्षण के उद्देश्यों की पूर्ति का सीमांकन

(d) उपरोक्त सभी

Solutions

S1. Ans.(d)
Sol. जीवित प्राणियों के अस्तित्व के लिए संसाधन आवश्यक हैं।

S2. Ans.(d)
Sol. शहरीकरण के कारण वन्यजीवन तथा पेड़ो में कमी आ रही है।

S3. Ans.(c)
Sol. जिन प्राकृतिक संसाधनों को पुन: प्रयोग में लाया जा सकता है, उन्हें नवीकरणीय संसाधन कहते हैं।

S4. Ans.(c)
Sol. जनसंख्या की वृद्धि के कारण प्राकृतिक संसाधनों की खपत लगातार बढ़ती जा रही है।

S5. Ans.(b)
Sol. बढ़ता प्रदूषण नकारात्मक रूप से 'जल' को प्रभावित कर रहा है।

S6. Ans.(d)
Sol. 'ऐसा रोग जिसका उपचार संभव न हो' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है- 'असाध्य'।

S7. Ans.(d)
Sol. 'अमृत' के पर्यायवाची शब्द हैं - सुधा, पियूष, अमिय। वारि के पर्यायवाची शब्द हैं – जल, पानी।

S8. Ans.(d)
Sol. **द्वंद्व** समास, पाप-पुण्य में है। द्वंद्व समास: जिस समस्त- पद में दोनों पद प्रधान हों तथा विग्रह करने पर 'और', 'अथवा', 'या', 'एवं' लगता हो वह **द्वंद्व** समास कहलाता है। पाप और पुण्य = पाप-पुण्य।

S9. Ans.(a)
Sol. 'पंख' एक तद्भव शब्द है। अन्य सभी शब्द तत्सम शब्द हैं।

S10. Ans.(d)
Sol. अध: + गति = अधोगति, विसर्ग संधि का उदाहरण है। विसर्ग-संधि: विसर्ग के बाद स्वर या व्यंजन आने पर विसर्ग जो विकार होता है, उसे विसर्ग-संधि कहते हैं, जैसे नि: + आहार = निराहार।

S11. Ans.(c)

S12. Ans.(d)

S13. Ans.(b)

S14. Ans.(d)

S15. Ans.(d)